क्षेत्र कार्यक्रम के अन्तर्गत एनीकटों के निर्माण के लिए वर्ष 1990-91 हेतु 56.15 लाख रुपये की राशि आबंटित की गयी है ।

(ख) राजस्थान के विभिन्न जिलों में औसतन भूजल स्तर लगभग 5.5 मी. से लगभग 46.7 मी. तक भू-स्तर से नीचे रिकार्ड किया गया है ।

(ग) राष्ट्रीय पेयजल मिशन के अन्तर्गत 71 विलवणीकरण संयंत्र लगाए जा रहे हैं ।

चुनाव याचिकाओं के लिए विशेष अदालतें

2127. डा. अबरार अहमद खान: क्या विधि और न्याय मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उच्चतम न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों में दायर की गई ऐसी चुनाव याचिकाओं की संख्या कितनी है जो क्रमश: दिसम्बर, 1984 और फरवरी-मार्च, 1985 में हुए लोक सभा और राज्य विधान सभाओं के चुनावों के संबंध में दायर की गई हैं और इनमें से कितने मामलों में निर्णय ले लिया गया है और उक्त निर्णय लेने में कितना समय लगा तथा इन अदालतों में इस समय लंबित पड़े मामलों की संख्या कितनी है ; और

(ख) क्या सरकार चुनाव याचिकाओं के शीघ्र निपटान के लिए विशेष अदालतों का गठन करने का विचार रखती है और यदि हां तो उसका ब्यौरा क्या है ?

उर्जा मंत्री साथ में नागर विमानन मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री आरिफ मोहम्मद खान) : (क) जानकारी संलग्न विवरण 1 से 6 में अंतर्विष्ट है । [देखिये परिशिष्ट 153, अनुपत्र सं० 86]

(ख) निर्वाचन सुधारों के लिए व्यापक प्रस्तावों के भागरूप निर्वाचन अर्जियों के शीघ्र निपटारे को सुकर बनाने के बारे में कुछ उपाय सरकार द्वारा नियुक्त निर्वाचन सुधार समिति के विचाराधीन हैं ।

Number of printed one rupee notes

2128. SHRI PAWAN KUMAR BANSAL: Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) what was the number of new one rupee notes printed and the amount incurred thereon in each of the last three years; and

(b) whether the Government have considered the desirability of discontinuing further printing of new currency notes of the denomination of one rupee and two rupees in view of the cost involved, their short life and to check premium thereon?

THE MINISTER OF FINANCE (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) Total number of Re. 1/- notes printed and the expenditure incurred thereon during last three years are as under:-

Year	Number of pieces printed	Expenditure incurred
		Rs.
1986—87	98,78,70,000	7,55,72,055
1987—88	70,43,80,000	7,22,69,388
1988—89	39,61,00,000	4,27,78,800

(b) In view of short life of Re. 1/- and Rs. 2/- denomination notes *vis-a-vis* coins, Government have decided to gradually reduce printing of notes of these denominations and increase production of coins of these denominations.